चेन्नई नंबर वन, लखनऊ दसवें पर

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की अंक तालिका में टीमों की स्थिति

आईपीएल 2024 की अंक तालिका

क्रम	टीम	मैच	जीत	हार	ड्रा/टाई	नेट रनरेट	अंक
1	चेन्नई सुपर किंग्स	2	2	0	0	+1.979	4
2	राजस्थान रॉयल्स	1	1	0	0	+1.000	2
3	सनराइजर्स हैदराबाद	2	1	1	0	+0.675	2
4	कोलकाता नाइट राइडर्स	1	1	0	0	+0.200	2
5	पंजाब किंग्स	2	1	1	0	+0.025	2
6	रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर	2	1	1	0	-0.180	2
7	गुजरात टाइटंस	2	1	1	0	-1.425	2
8	दिल्ली कैपिटल्स	1	0	1	0	-0.455	0
9	मुंबई इंडियंस	2	0	2	0	-0.925	0
10	लखनऊ सुपरजायंट्स	1	0	1	0	-1.000	0

हैदराबाद तीसरे स्थान पर मुंबई 9 वें पर खिसकी

अब तक मुंबई इंडियंस को एक भी जीत नहीं मिली

नई दिल्ली, 28 मार्च. इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में बुधवार को एक धमाकेदार मुकाबला खेला गया, जहां कई रिकॉर्ड टूटे. इस मुकाबले में जीत हासिल कर सनराइजर्स हैदराबाद की टीम तीसरे स्थान पर आ गई है तो मुंबई इंडियंस 9वें स्थान पर खिसक गई है.

अब तक मुंबई इंडियंस को एक भी जीत नहीं मिली है और 5 बार खिताब जीतने वाली यह टीम दो मैच खेल चुकी है. गुजरात टाइटंस, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, पंजाब किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद और चेन्नई सुपर किंग्स ने दो दो मैच खेल लिए हैं. बात अगर इस आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की करें तो हेनरिक क्लासेन सबसे आगे हैं. ऑरेन्ज कैप की लिस्ट में चेन्नई सुपर किंग्स के मुस्तफिजुर रहमान अभी सबसे आगे हैं. देखते हैं कौन सी टीम किस पायदान पर है.

स्कोर बोर्ड

सबसे ज्यादा रन बनाने वाले 5 बल्लेबाज

क्रम	बल्लेबाज	मैच	रन	स्ट्राइक रेट
1	हेनरिक क्लासेन (एसआरएच)	2	143	226.98
2	विराट कोहली (आरसीबी)	2	98	142.03
3	अभिषेक शर्मा (एसआरएच)	2	95	226.19
4	तिलक वर्मा (एमआई)	2	89	167.92
5	सैम करन (पीबीकेएस)	2	86	134.38

सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज

क्रम	गेंदबाज	मैच	विकेट	इकॉनमी
1	मुस्तफिजुर रहमान (सीएसके)	2	6	7.37
2	हरप्रीत बरार (पीबीकेएस)	2	3	3.85
3	टी नटराजन (एसआरएच)	1	3	8.00
4	हर्षित राणा (केकेआर)	1	3	8.25
5	जसप्रीत बुमराह (एमआई)	2	3	6.25

गिलेस्पी दक्षिण ऑस्ट्रेलिया और एडिलेड स्ट्राइकर्स के कोच पद से देंगे इस्तीफा

एडिलेड 28 मार्च (वार्ता), जेसन गिलेस्पी दक्षिण ऑस्ट्रेलिया और एडिलेड स्ट्राइकर्स के मुख्य कोच पद से जून के आखिर में इस्तीफा देंगे. दक्षिण ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट एसोसिएशन (एसएसीए) ने दिये एक बयान में कहा है कि जेसन गिलेस्पी जून के आखिर में दक्षिण ऑस्ट्रेलिया और एडिलेड स्ट्राइकर्स के मुख्य कोच का पद छोड़ देंगे. गिलेस्पी ने कहा, हमने एसएसीए में एक साथ मिलकर जो हासिल किया, उस पर मुझे अविश्वसनीय रूप से गर्व है और मैं उन यादों को हमेशा संजोकर रखूंगा. मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि दक्षिण ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट का भविष्य उज्ज्वल है.

शरफुद्दौला आईसीसी एलीट के पैनल में

पैनल में शामिल होने वाले पहले बांग्लादेशी अंपायर बने

नई दिल्ली, 28 मार्च. अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वार्षिक समीक्षा और चयन प्रक्रिया के बाद शरफुद्दौला इब्ने शाहिद अंपायरों के आईसीसी एलीट पैनल में शामिल होने वाले बांग्लादेश के पहले अंपायर बन गए हैं.

शासी निकाय ने गुरुवार को यह जानकारी दी. शरफुद्दौला 2006 से अंतर्राष्ट्रीय पैनल में हैं और अंपायर के रूप में उनकी पहली अंतर्राष्ट्रीय नियुक्ति जनवरी 2010 में बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच मीरपुर में एकदिवसीय मैच में हुई थी. वह 13 महिला वनडे मैचों और 28

महिला टी20 मैचों में समान क्षमता के अलावा, 10 पुरुषों के टेस्ट मैचों, 63 पुरुषों के एकदिवसीय मैचों और 44 पुरुषों के टी20 मैचों में ऑन-फील्ड अंपायर रहे हैं. शरफुद्दौला, जिनके कार्यों में 2017 और 2021 में आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप, आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 और आईसीसी महिला टी 20 विश्व कप 2018 शामिल हैं, ने एक बयान में कहा कि वह पैनल से मराइस इरास्मस की सेवानिवृत्ति के बाद एलीट पैनल में शामिल होने से उत्साहित हैं. आईसीसी एलीट पैनल में नामित होना एक बड़ा सम्मान है. पैनल में अपने देश से पहला होना इसे अतिरिक्त विशेष बनाता है और मैं मुझ पर दिखाए गए विश्वास को सही ठहराने के लिए उत्सुक हूं. पिछले कुछ वर्षों में मेरे पास काफी अनुभव है.

एफआईएच के सह अध्यक्ष बने श्रीजेश

नई दिल्ली, 28 मार्च. हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने पीआर श्रीजेश को एफआईएच एथलीट समिति का सह-अध्यक्ष नियुक्त होने पर गुरुवार को बधाई दी. अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने बुधवार को नई एफआईएच एथलीट समिति की नियुक्ति की घोषणा की, जिसका नेतृत्व सह-अध्यक्ष चिली की कैमिला कैरम और भारत के पीआर श्रीजेश करेंगे.

जबकि कैमिला कैरम को कार्यकारी बोर्ड में सह-अध्यक्ष और एथलीट समिति का प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है, भारतीय पुरुष हॉकी टीम के गोलकीपर पीआर श्रीजेश सह-अध्यक्ष हैं,



और वह कैरम के साथ योजना और बैठकों का नेतृत्व करेंगे.

इस अवसर पर हॉकी इंडिया के अध्यक्ष ने कहा, पीआर श्रीजेश को एफआईएच के साथ ऐसी भूमिका निभाते हुए देखना खुशी की बात है, जिसका हॉकी खिलाड़ियों के जीवन पर सीधा प्रभाव पड़ेगा। उनके जैसे अनुभवी खिलाड़ी के पास एथलीटों की बेहतरी के लिए सलाह देने का अनुभव और दृष्टिकोण होगा।

टिर्की ने श्रीजेश को एफआईएच एथलीट समिति का सह अध्यक्ष बनने पर दी बधाई

नयी दिल्ली 28 मार्च (वार्ता). हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने दिग्गज गोलकीपर पी आर श्रीजेश को एफआईएच एथलीट समिति का सह अध्यक्ष बनने पर बधाई देते हुए कहा कि उनके अभुवन और दृष्टिकोण का युवा खिलाड़ियों पर सकारात्मक प्रभाव होगा. दिलीप टिर्की ने कहा, पीआर श्रीजेश को एफआईएच के साथ ऐसी भूमिका निभाते हुए देखना खुशी की बात है जो हॉकी खिलाड़ियों के जीवन पर सीधे प्रभाव डालेगी. उनके जैसे अनुभवी खिलाड़ी के पास दुनिया भर में हॉकी स्टिक उठाने वाले एथलीटों की बेहतरी के लिए सलाह देने का अनुभव और दृष्टिकोण होगा. हम इस भूमिका में श्रीजेश का युवाओं पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभाव को देखने के लिए उत्सुक हैं. हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा, हम नई एफआईएच एथलीट समिति में सह-अध्यक्ष नियुक्त होने पर पीआर श्रीजेश को बधाई देते हैं.

पहली जीत की तलाश में उतरेगी दिल्ली

नई दिल्ली, 28 मार्च. इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वे संस्करण का 9वां मुक़ाबला राजस्थान रॉयल्स (आरआर) और दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के बीच खेला जाएगा. जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम में खेले जाने वाले इस मुक़ाबले में दिल्ली अपनी पहली जीत की तलाश में उतरेगी. वहीं राजस्थान अपना विजाई रथ जारी रखना चाहेगी. दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने करीब डेढ़ साल के बाद क्रिकेट के मैदान में वापसी की है. पंत पहले मुक़ाबले में कुछ खास नहीं कर पाये लेकिन राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ वे बड़ी पारी खेल सकते हैं. पंत को राजस्थान के खिलाफ खेलना पसंद है.

भारतीय टीमों का विजयी आगाज

फीबा एशिया बास्केटबॉल कप

सिंगापुर 28 मार्च (वार्ता) भारतीय पुरुष और महिला बास्केटबॉल टीमों ने फीबा एशिया कप 2024 के क्वालीफाइंग राउंड में अपने-अपने मुकाबले जीत कर अभियान की विजयी शुरुआत की.

बुधवार को सिंगापुर के स्पोर्ट्स हब में खेले गये मुकाबले में भारतीय पुरुष टीम ने क्वालीफाइंग ड्रा डी गेम में मालदीव और मकाऊ को हराया तथा महिला टीम ने भी क्वालीफाइंग ड्रा सी मुकाबले में उत्तरी मारियाना द्वीप समूह को पराजित किया. भारतीय पुरुष टीम ने पहले 3×3 बास्केटबॉल मैच में मालदीव पर 21-10 से आसान जीत दर्ज की. मुकाबले में भारतीय टीम के लिए प्रणव प्रिंस (आठ अंक) और सहज प्रताप सिंह सेखों (सात अंक) जुटाये. दूसरे मुकाबले में भारतीय खिलाड़ियों ने मकाऊ को 21-13 से हराया. प्रिंसपाल सिंह ने आठ अंक बनाए और भारत के दबदबे वाले प्रदर्शन का नेतृत्व किया. भारतीय पुरुष 3×3 बास्केटबॉल टीम गुरुवार को मलेशिया के खिलाफ अपना अंतिम क्वालीफाइंग राउंड मैच खेलेगी और उस मैच का विजेता मुख्य ड्रॉ के पूल डी में न्यूजीलैंड और कतर के साथ मुकाबला करेगा.

मुंबई को नहीं हुआ जीत का दीदार, हैदराबाद ने 31 रनों से हराया

- सनराइजर्स हैदराबाद ने मुंबई को 31 रनो से हराया
- गेंदबाजों की बदौलत जीती सनराइजर्स हैदराबाद

हैदराबाद 27 मार्च (वार्ता) हाइनरिक क्लासन नाबाद 80 रन, अभिषेक शर्मा 63 रन तथा ट्रैविस हेड 62 रनों की तूफानी अर्धशतकीय पारियों और उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आठवें मैच मुंबई इंडियंस को 31 रनों से हरा दिया है. मुकाबले में दोनों पारियों में बल्लेबाजो ने 38 छक्के और 31 चौके लगाये.

278 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुम्बई इंडियन की टीम की रोहित शर्मा और इशान किशन की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट लिये 56 रन जोड़े. शाहबाज अहमद ने चौथे ओवर में इशान किशन को आउट किया. इशान ने 13 गेंदों में दो चौके और चार छक्कों की मदद से 34 रन बनाये. रोहित शर्मा ने 12 गेंदों में एक चौके और तीन छक्को की मदद से 24 रनों की पारी खेली. नमन धीर 14 गेंदों में दो चौके और दो छक्के लगाकर 30 रन बनाकर आउट हुये. तिलक वर्मा ने 34 गेंदों में दो चौके और छह छक्के लगाकर 64 रन बनाये.

मुंबई पांच विकेट पर 246 रन ही बना सकी

15 रन पर नाबाद रहे. मुंबई की टीम निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 246 रन ही बना सकी और 31 रन से मुकाबला हार गई. मुम्बई ने अपनी पारी में 20 छक्के और 12 चौके लगाये. हैदराबाद के लिए पैट कमिंस और जयदेव उनादकट ने दो-दो विकेट लिये। शाहबाज अहमद ने एक बल्लेबाज को आउट किया.

मफाका को दिखाया आईना

मफाका ने खुद को बुमराह से बेहतर बताया था

नई दिल्ली, 28 मार्च. आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस (एमआई) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के बीच खेले गए हाई स्कोरिंग मुक़ाबले में 500 से ज्यादा रन बने. इस मैच में चौकों-छक्कों की बरसात देखने को मिली. इस दौरान मुंबई के लिए डेब्यू करने वाले तेज गेंदबाज क्वेना मफाका की जमकर धुनाई हुई.

क्वेना मफाका की सनराइजर्स हैदराबाद के विकेट कीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन और अभिषेक शर्मा ने बखिया उधेड़ दी और चार ओवर के स्पैल में 66 रन जड़े. यह किसी भी विदेशी गेंदबाज द्वारा आईपीएल में डाला गया सबसे खराब स्पेल है. उनके इस स्पेल को लेकर डेल स्टेन ने कहा, मफाका को अंडर-19 और प्रो लीग क्रिकेट के बीच के अंतर का एहसास हो रहा होगा। बैप्टिजम ऑफ फायर. बता दें, मफाका अंडर 19 विश्व कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे थे. अंडर-19 वर्ल्ड कप में उन्होंने कुल 21 विकेट चटकाए थे. जिसके बाद उन्होंने खुद को भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह से बेहतर बताया था.

चार ओवर के स्पैल में 66 रन बटोरे

हैदराबाद के बल्लेबाजों ने उन्हें खूब टारगेट किया और उनके आईपीएल करियर के पहले मैच में उनके चार ओवर के स्पैल में 66 रन बटोरे. ये आंकड़ा विदेशी गेंदबाजों के सबसे खराब स्पैल में गिना जाएगा लेकिन मुंबई के बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड और ब्रावो ने एसआरएच के खिलाफ खराब प्रदर्शन के बावजूद युवा खिलाड़ी का समर्थन किया.

सिंधु मैड्रिड स्पेन मास्टर्स के दूसरे दौर में पहुंची

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने कनाडा की झांग को हराया

मैड्रिड 28 मार्च (वार्ता). भारतीय बैडमिंटन स्टार और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने मैड्रिड स्पेन मास्टर्स 2024 बैडमिंटन के पहले राउंड में कनाडा की वेन यू झांग को हराकर टूर्नामेंट के राउंड ऑफ 16 में पहुंच गई है. टूर्नामेंट में सिंधु ने 30 मिनट तक चले मुकाबले में कनाडाई शटलर झांग को 21-16, 21-12 से हराया.

प्रतियोगिता में दूसरी वरियता प्राप्त पीवी सिंधु ने पहले गेम में अच्छी शुरुआत करते हुए बढ़त बनायी. इसके बाद कनाडाई खिलाड़ी ने वापसी का प्रयास करते हुए गेम में 11-11 से बराबरी कर ली लेकिन सिंधु ने मैच में फिर से 1-0 की बढ़त बना ली. सिंधु ने कनाडाई शटलर पर लगातार दबाव बनाते हुए शानदार खेल का मुजहिरा करते हुए दूसरे गेम को आसानी से अपने नाम करते हुए सुपर 300 बैडमिंटन प्रतियोगिता के दूसरे राउंड में जगह बना ली.

हार्दिक की बेटिंग पर इरफान ने उठाया सवाल

नई दिल्ली, 28 मार्च. आईपीएल के लगातार दो मैच हारने के बाद मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या की जमकर आलोचना हो रही है. सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुंबई इंडियंस के गेंदबाजों की जमकर कुटाई है और आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर उनके नाम दर्ज हो गया. जिसके बाद क्रिकेट विशेषज्ञ हार्दिक की जमकर आलोचना कर रहे हैं. सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज जब मुंबई के गेंदबाजों की जमकर धुनाई कर रहे थे, तब हार्दिक पंड्या ने जसप्रीत बुमराह को गेंदबाजी से दूर रखा. बुमराह ने पारी का चौथा ओवर डाला और उन्हें दूसरे ओवर के लिए तब लाया गया, जब 12 ओवर खत्म हो चुके थे.

डीसी ने पहले गेंदबाजी का लिया फैसला

जयपुर 28 मार्च (वार्ता) दिल्ली कैपिटल्स ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के नौवें मुकाबले में टॉस जीतकर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पहले गेंदबाजी का फैसला किया.

गुरुवार यहां सवाई मानसिंह स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने टॉस जीने के बाद कहा कि भले ही यह उनका सौंवा मैच है लेकिन यह उनके लिए एक सामान्य मैच की तरह ही है. उन्होंने कहा कि टीम में दो बदलाव किये गये हैं. होप और इशांत की जगह मुकेश कुमार तथा एनरिच नॉर्टे को टीम में शामिल किया गया हैं. राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने कहा कि वह भी पहले गेंदबाजी करना चाहते थे. उन्होंने कहा कि पिच पिछले मैच ही जैसे नजर आ रही है.

दोनों टीमें इस प्रकार है

दिल्ली कैपिटल्स-मिचेल मार्श, डेविड वॉर्नर, ऋषभ पंत (कप्तान/विकेटकीपर), रिकी भुई, ट्रिस्टन स्टब्स, अक्षर पटेल, सुमित यादव, कुलदीप यादव, खलील अहमद, मुकेश कुमार और एनरिच नॉर्टे.

राजस्थान रॉयल्स- यशस्वी जयसवाल, जॉस बटलर, संजू सैमसन (कप्तान/विकेटकीपर), रियान पराग, शिमरोन हेटमायर, ध्रुव जुरेल, रविचंद्रन अश्विन, ट्रेंट बोल्ट, संदीप शर्मा, आवेश खान और युजवेंद्र चहल.

अभिषेक ने 23 गेंदों में बनाए 63 रन

नई दिल्ली. 28 मार्च. आईपीएल 2024 के 8वें मुकाबले में हैदराबाद के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने अपनी फ्रेंचाइजी के लिए इतिहास की सबसे तेज फिफ्टी जड़ दी. इस मुकाबले में शर्मा ने 23 गेंदों में 63 रन की पारी खेली, जिसमें 7 छक्के और 3 चौके शामिल थे। इस पारी ने न सिर्फ सनराइजर्स हैदराबाद के इतिहास की सबसे तेज फिफ्टी दर्ज की बल्कि अभिषेक ने ऑस्ट्रेलिया के 4 दिग्गजों के रिकॉर्ड को भी ध्वस्त कर दिया.

मेदवेदेव ने जैरी को हराया

नई दिल्ली, 28 मार्च. दानिल मेदवेदेव ने चिली के निकोलस जैरी के दूसरे सेट के संघर्ष पर काबू पाते हुए 6-2, 7-6(7) से जीत दर्ज की और मियामी ओपन के सेमीफाइनल में जानिक सिनर से भिड़ेंगे जो ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनल का रीमैच होगा. मेदवेदेव ने पहले सेट में जैरी के14 के मुकाबले केवल तीन अप्रत्याशित गलतियां कीं, इससे पहले कि जैरी ने मैच में वापसी की और एक रोलरकोस्टर टाई-ब्रेक में दूसरा सेट चुराने के दो अंक के भीतर आ गए. एटीपी की रिपोर्ट के अनुसार, लेकिन मेदवेदेव ने हार्ड रॉक स्टेडियम में अपनी जीत का सिलसिला नौ मैचों तक बढ़ाने का साहस दिखाया.

दीवानगी | **16.8 करोड़ लोगों ने देखा सीएसके और आरसीबी का पहला मुक़ाबला**

आईपीएल 2024: व्यूअरशिप का रिकॉर्ड टूटा

नई दिल्ली, 28 मार्च. आईपीएल 2024 के 17वें सीजन का पहला मुक़ाबला पांच बार की चैम्पियन रही चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के बीच खेला गया था. इस मुक़ाबले में रिकॉर्ड व्यूअरशिप देखने को मिली है.

आधिकारिक ब्रॉडकास्टर डिजनी स्टार के अनुसार, पहले दिन कुल 16.8 करोड़ लोगों ने इस मैच का आनंद लिया, जो एक रिकॉर्ड है. लीग के आधिकारिक ब्रॉडकास्टर डिज़्नी

स्टार नेटवर्क पर आईपीएल 2024 के शुरुआती दिन 1276 करोड़ मिनट का वॉच-टाइम दर्ज किया गया, जो किसी भी आईपीएल सीजन के शुरुआती दिन के लिए सबसे अधिक है. डिजिटल प्लेटफॉर्म पर, जियो सिनेमा को आईपीएल के पहले दिन 11.3 करोड़ दर्शक मिले थे. स्ट्रीमर ने दावा किया कि उसने आईपीएल 2023 के पहले दिन की तुलना में 51 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की है. एक बयान में कहा गया है कि पहले दिन जियो सिनेमा पर कुल देखने का समय 660 करोड़ मिनट था.

पहली बार 10 में से 8 कप्तान हुए शामिल

डिज़्नी स्टार नेटवर्क पर आईपीएल 2024 के उद्घाटन दिवस पर पहली बार 10 में से 8 कप्तान शामिल हुए. आईपीएल खिताब विजेताओं, विश्व कप चैंपियन, प्रतिष्ठित कोचों और खेल के दिग्गजों सहित प्रतिभाओं की एक स्टार-स्टडेड लाइन-अप ने उद्घाटन दिवस प्रस्तुत किया. इसमें नवजोत सिंह सिद्धू कमेंट्री बॉक्स में लौटे और भारत के विश्व चैंपियन हरभजन सिंह, इरफान पठान, रवि शास्त्री, सुनील गावस्कर और के श्रीकांत के साथ शामिल हो गए. इसमें स्टीव स्मिथ और स्टुअर्ट ब्रॉड का डेब्यू हुआ, जो आईपीएल 2024 को प्रस्तुत करने में दिग्गज ब्रायन लारा, मैथ्यू हेडन, केविन पीटरसन, जैक्स कैलिस और डेल स्टेन के साथ शामिल हुए.